**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री मुकुल यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-15 का उत्तर**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 15 (क) | क्या खेल मंत्री बतायेंगे कि सैफई अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण का कितना कार्य पूर्ण हुआ है ? | सैफई जनपद इटावा में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम (दर्शक क्षमता 35000) के निर्माण हेतु शासनादेश दिनांक 13.08.2015 द्वारा आंकलित लागत रू0 26030.21 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी तथा शासनादेश दिनांक 25.05.2016 द्वारा प्रश्नगत परियोजना हेतु रू0 34656.96 लाख की पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी। उक्त के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2016-17, 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 में सम्पूर्ण धनराशि निर्गत की गयी। निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त कार्यदायी संस्था- उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम द्वारा अक्टूबर, 2020 में उक्त स्टेडियम प्रधानाचार्य, मेजर ध्यान चन्द स्पोर्ट्स कालेज सैफई इटावा को हस्तगत कर दिया गया।<br>इस प्रकार मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट्स कालेज, सैफई इटावा के अन्तर्गत निर्मित अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम का कोई भी निर्माण कार्य शेष नहीं है। |
| (ख) | यदि कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, तो कितना कार्य शेष है तथा शेष कार्य कब तक पूर्ण होगा ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ग) | क्या निर्माण कार्य पूर्ण कराने की कोई समय सीमा निर्धारित करायेंगे ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों ? | कार्य पूर्ण, कोई कार्य शेष नहीं है। |

गिरीश चन्द्र यादव
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)